

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

2026 में आलिया भट्ट का नया अंदाज

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 251 ■ शुक्रवार 2 जनवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

epaper.ulhasvikas.com

# 50 से अधिक सीटें जीतेगी भाजपा

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण का दावा

## उल्हासनगर में गुंडाराज खत्म करना है

- शिवसेना व टीओके पर रविंद्र चव्हाण का हमला
- उल्हासनगर की समस्याओं के समाधान हेतु CM से शहर को दत्तक लेने की मांग करूंगा -रविंद्र चव्हाण




**उल्हासनगर.** ठाणे जिले में महानगर पालिका चुनाव में डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे का किला तोड़ने वाले BJP के रवींद्र चव्हाण ने मनपा चुनाव के प्रचार में BJP कार्यकर्ताओं को अपनी जीत का फॉर्मूला बताया है। मनपा चुनाव जीतना है तो 51 परसेंट का फॉर्मूला याद रखना, यह उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया है। ठाणे जिले में उल्हासनगर नगर निगम में BJP अकेले चुनाव लड़ रही है और यहां शिंदे की शिवसेना ने लोकल मोर्चे संभालकर BJP के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। ऐसे में रवींद्र चव्हाण ने पदाधिकारियों को जीत का फॉर्मूला बताया है और उस पर काम करने का निर्देश दिया है।

BJP के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण नए साल के पहले दिन उल्हासनगर मनपा चुनाव के लिए शहर में मौजूद थे। उन्होंने गुरुवार दोपहर कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र भी दिए. इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये चुनाव कोई आम चुनाव नहीं हैं। इस चुनाव से पहले कई घटनाएं हुईं। कार्यकर्ताओं को याद रखना चाहिए कि शहर में अकेले लड़ने की नौबत क्यों आई है. यह कार्यकर्ताओं के सम्मान का चुनाव है। इसलिए, उन्हें आने वाले दिनों में समय का सही इस्तेमाल करना चाहिए.

### ■ गुंडा राज खत्म करना चाहते हैं

इस मौके पर रवींद्र चव्हाण ने अपील की कि हम उल्हासनगर में गुंडा राज खत्म करना चाहते हैं। व्यापारियों को समझाओ कि सिर्फ़ BJP के साथ ही हर व्यापारी आज़ाद और सुरक्षित माहौल में व्यापार कर सकता है। उन्होंने कलानी ग्रुप की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ लोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान उनके खिलाफ कैंपेन कर रहे थे, इसीलिए उन्होंने अब अपने मतलब का गठबंधन बनाया है।

### ■ लेटलतीफों को डांट

रवींद्र चव्हाण ने उल्हासनगर में सुबह 12 बजे एक मीटिंग रखी थी। लेकिन, यह मीटिंग दोपहर 1 बजे शुरू हुई। हालांकि, मैं इस मीटिंग में सुबह 11:30 बजे आ गया था। लेकिन डेढ़ घंटे लेट हो गया। इस पर नाराज़गी जताते हुए रवींद्र चव्हाण ने कार्यकर्ताओं और कैंडिडेट्स को डांटा। हर घंटे की कीमत होती है। अब सिर्फ़ 15 दिन बचे हैं। अगर आप समय पर वोटर्स तक पहुंचेंगे, तो ही आप अपने दम पर मेयर बन सकते हैं, ऐसा चव्हाण ने इस मौके पर भी कहा।

### कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इस मौके पर मौजूद पदाधिकारियों, उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं को जीत का फॉर्मूला बताया। हमारे 20 वार्डों का स्ट्रक्चर हर पदाधिकारी जानता है। हमें बूथ पर यह लड़ाई जीतनी है। हमें हर बूथ पर काम करना है। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर वोटरों तक पहुंचना चाहिए। लोगों को बताएं कि ये विपक्षी मोर्चे के लोग हैं जो स्वार्थ के लिए एक साथ आए हैं. हमें 51 परसेंट की लड़ाई जीतनी है। हमें कुल वोटों का आधे से ज़्यादा हिस्सा पाने के लिए काम करना है। उसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी.

प्रभाग निहाय विश्लेषण...

# पैनल-18 में दिखेगी सर्वपक्षीय भिड़ंत




## ■ समस्या से ग्रस्त पैनल में परिवर्तन की आवश्यकता

| पैनल 18 | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 22,929 |
| पुरुष मतदाता | 12,012 |
| महिला मतदाता | 10,917 |

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका का चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने जा रहा है। मनपा क्षेत्र में कुल 78 वार्डों के 20 पैनल बनाए गए हैं। सभी पैनल कई समस्याओं से ग्रस्त जिसमें हर पैनल में प्रमुख समस्या खराब सड़कें, पानी की किल्लत, साफ सफाई कचरे की समस्या, धोकादायक इमारतों का मुद्दा, ट्रैफिक, अवैध निर्माण समस्या जैसे मूलभूत सुविधा से शहर वंचित है और इन्हीं प्रमुख मुद्दों पर चुनाव प्रचार देखने को मिलेगा। ऐसे में हमने सभी पैनलों का विश्लेषण संक्षिप्त में किया है और यहां लोगों को पूर्व नगरसेवक ही चाहिए या कोई नया युवा नेता।

उल्हासनगर-5 स्थित इस पैनल में चार वार्डों का समावेश है जिसमें समता नगर कुर्ला कैम्प, महात्मा फुले कालोनी, कानसाई रोड, साईबाबा नगर, सुभाष टेकड़ी, गुरुद्वारा परिसर, डिफेंस कॉलोनी, रामजी आंबेडकर नगर, दहा चाल, भीम शक्ति कालोनी, नालंदा स्कूल, सिद्धार्थ नगर, भरत नगर, कालीमाता मंदिर, हरिजन पाडा, गोकुल नगर आदि का समावेश है। 2017 के चुनाव में यहां अ - अंजली साळवी - कॉंग्रेस, ब -कविता बागुल- भारिप, क - प्रमोद टाले पीपल्स - रिपब्लिकन पार्टी, ड - राजेश वानखेडे - भाजपा के नगरसेवक रह चुके हैं। अब नए आरक्षण में यहां अनुसूचित जाति महिला, ओबीसी महिला, जनरल महिला व जनरल सीट है। इस पैनल में मराठी समाज के ज्यादातर मतदाता रहते हैं।इस पैनल में कांग्रेस, भारिप, पीआरपी व भाजपा चारों अलग पक्ष के नगरसेवक हैं। यहां पर सभी पक्ष के लोगों ने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। जिसमें कांग्रेस, राकांपा, भाजपा, शिवसेना, पीआरपी, भारिप, बसपा का समावेश है। कांग्रेस हमेशा से ही यह मजबूत स्थिति में रही है। उन्हें राकांपा के उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं।

# पैनल-2 से राकांपा युवा उम्मीदवार नीतेश कुमार चैनानी मैदान में




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 2 में राकांपा ने नीतेश कुमार चैनानी के रूप में युवा उम्मीदवार मैदान में उतारा है। उनके साथ वार्ड में नए चेहरों को लोगों के समक्ष खड़ा किया है क्योंकि इस पैनल में पिछले कई दशकों से विकास कार्य तो क्या मूलभूत सुविधाएं भी लोगों तक नहीं पहुंची है। यहां पर वार्डवासियों का नहीं नेताओं का विकास हुआ है। बड़े नामों वाले नेताओं ने वार्ड को और भी पिछड़ा कर दिया है ऐसा युवा नेता नीतेश कुमार चैनानी का कहना है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की काफी समय से डिमांड है कि पुराने नेता कार्य नहीं कर रहे हैं इसलिए युवा व नए चेहरों को मैदान में उतरना चाहिए ऐसे में राकांपा ने हम पर भरोसा जताया है। नीतेश कुमार चैनानी के साथ कैलाश वाघ, भारती डिंगवानी और वंशिका आहुजा मैदान पर है। सभी राकांपा उम्मीदवारों को वार्डवासियों से भरपूर समर्थन मिल रहा है।

# उल्हासनगर मनपा चुनाव में 28 नामांकन रद्द

- 674 उम्मीदवार मैदान में
- आज होगी चुनाव की तस्वीर साफ




| प्रभाग | दाखिल | निरस्त | वैध |
|---|---|---|---|
| वार्ड नंबर 1 से 3 | 118 | 13 | 105 |
| वार्ड नंबर 4 से 6 | 79 | 01 | 78 |
| वार्ड नंबर 7 से 9 | 104 | 03 | 101 |
| वार्ड नंबर 10 से 12 | 122 | 0 | 122 |
| वार्ड नंबर 13 से 16 | 110 | 0 | 110 |
| वार्ड नंबर 17 से 20 | 169 | 11 | 156 |
| कुल फाइल किए गए | 702 | 28 | 674 |

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव के लिए एप्लीकेशन फाइल करने के आखिरी दिन बड़ी संख्या में बागी, पार्टी में एंट्री और कैंडिडेट्स की भीड़ देखी गई। कुल 78 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए 702 कैंडिडेट्स ने एप्लीकेशन फाइल की थी। इसके बाद स्क्रीनिंग प्रोसेस के बाद 28 कैंडिडेट्स की एप्लीकेशन रिजेक्ट कर दी गई हैं। इसलिए, उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव में अभी 674 कैंडिडेट्स बचे हैं। 2 दिसंबर को एप्लीकेशन वापस लेने के दिन के बाद फाइनल कैंडिडेट्स का फैसला होगा। उसके बाद यह साफ हो जाएगा कि किन वार्ड्स में बगावत जारी रही और कहां बागी ठंडे पड़ गए।

उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की 78 सीटों के लिए वोटिंग 15 जनवरी को खत्म हो जाएगी। उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में पिछले चुनाव में BJP ने सहयोगी पार्टियों के दम पर ढाई साल तक सत्ता का मजा लिया था। उसके बाद, इस बंटवारे ने शिवसेना को सत्ता में आने का मौका दिया। हालांकि, 2022 के बाद कोई चुनाव नहीं हुआ है। इसलिए, इस साल उम्मीदवारों में काफी जोश था।

इस साल, शहर में BJP के खिलाफ शिंदे की शिवसेना मैदान में है, और साई पार्टी और कलानी ग्रुप शिवसेना के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी ओर, शिवसेना ठाकरे ग्रुप के साथ MNS और कांग्रेस मैदान में हैं। RPI, बहुजन समाज पार्टी, अजीत पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, आम आदमी पार्टी, वंचित बहुजन अघाड़ी और निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। एप्लीकेशन भरने के आखिरी दिन तक कुल 702 उम्मीदवारों ने अपने नॉमिनेशन पेपर दाखिल किए थे।

चुनाव अधिकारियों ने बताया है कि बाद की स्क्रीनिंग प्रोसेस में कुल 28 एप्लीकेशन रिजेक्ट कर दिए गए। हालांकि इसकी डिटेल्स उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन अभी कुल 674 वैलिड उम्मीदवार मैदान में हैं। एप्लीकेशन वापस लेने की डेडलाइन शुक्रवार को खत्म हो जाएगी। उसके बाद ही मुकाबले की तस्वीर साफ होगी।

## हाथभट्टी पर पुलिस का छापा, 1 गिरफ्तार

**अंबरनाथ.** शिवाजीनगर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है, जो बेचने के लिए गावठी हाथभट्टी शराब ले जा रहा था। इस कार्रवाई में पुलिस ने शराब का स्टॉक जब्त कर लिया है और मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गायकवाड़पाड़ा इलाके में रामदास म्हात्रे के घर के पीछे गली में अवैध शराब बेची जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने उस जगह पर छापा मारा। पुलिस ने योगेश भाऊसाहेब म्हांगड़े (44) को हिरासत में लिया है। आरोपी शांताराम भोईर चाली, गायकवाड़पाड़ा, उल्हासनगर-05 में रहता है और उसकी किराने की दुकान है। उसने अपने पैसे के फायदे के लिए इसे बेचने के मकसद से अवैध रूप से गावठी हाथभट्टी शराब अपने पास रखी थी।

# पैनल-5 से युवा उम्मीदवार विक्की सिंह भुल्लर मैदान में



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा पैनल 5 जोकि विधायक आयलानी का गढ़ माना जाता है वहां पर शिवसेना ने युवा उम्मीदवार विक्की भुल्लर को चुनावी मैदान में उतारा है उनके साथ सीमा कालानी, निकीता छापरू व दिलीप जग्यासी पैनल में साथ है।

इस पैनल में विधायक कुमार आयलानी द्वारा कोई विकास कार्य नहीं किए जाने से यहां पर समस्याओं को अंबार लगा हुआ है। इस पैनल को भाजपा मुक्त करने की योजना शिवसेना ने इस बार बनाई है।

# 938 प्रत्याशिों को मिला टॉयलेट सर्टिफिकेट



उल्हासनगर. इस बार उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव में खड़े उम्मीदवारों पर नॉमिनेशन पेपर भरते समय कुछ शर्तें लगाई गई थीं. उसी के तहत टॉयलेट सर्टिफिकेट ज़रूरी था, इसलिए 938 उम्मीदवारों ने टॉयलेट सर्टिफिकेट बनवा लिए हैं. पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के चीफ सैनिटेशन इंस्पेक्टर एकनाथ पवार ने अपनी टीम के साथ लगातार आठ दिनों तक काम करके ये सर्टिफिकेट जारी किए हैं.

मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले के आदेश के मुताबिक, उम्मीदवारों के लिए बकाया प्रॉपर्टी टैक्स, पानी का बिल भरना और नो-ड्यूज़ सर्टिफिकेट जमा करना और टॉयलेट होने का सर्टिफिकेट बताना ज़रूरी किया गया था.

नॉमिनेशन पेपर में टर्म्स एंड कंडीशंस देखकर, उम्मीदवार बकाया रकम भरने के लिए 23 दिसंबर से लाइन में लग गए थे. इसी तरह, पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में टॉयलेट सर्टिफिकेट बनवाने के लिए भीड़ लगी रही. चीफ सैनिटेशन इंस्पेक्टर एकनाथ पवार ने कमिश्नर मनीषा आव्हाले के आदेश और एडिशनल कमिश्नर किशोर गवस के गाइडेंस में सर्टिफिकेट जारी करने का काम किया.

## कबाड़ी के पास मिला देशी कट्टा, गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए कबाड़ इकट्ठा करने के धंधे में लगे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खंडू उर्फ खांड्या वसंत जाधव (30) को उल्हासनगर शहर में हथियार रखने पर लगी रोक का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को MIDC पानी की टंकी कंपाउंड, देशमुख नगर, उल्हासनगर-2 के पास संदिग्ध हरकतें मिलने के बाद हिरासत में लिया। जांच के दौरान, उसके पास बिना किसी लाइसेंस का एक गावठी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला।

यह कार्रवाई पुलिस कांस्टेबल भूषण खैरनार ने डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस सचिन गोर और सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर संतोष आव्हाड की गाइडेंस में की। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित सेक्शन के तहत केस दर्ज कर लिया गया है, और यह पता लगाने के लिए आगे की पूरी जांच चल रही है कि हथियार कहां और किस मकसद से ले जाया जा रहा था।

# अंबरनाथ नगराध्यक्षा की ताजपोशी आज, तैयारी पूरी

## भाजपा-शिवसेना सत्ता स्थापना पर दोनों में हुई सकारात्मक चर्चा -सुनिल चौधरी



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले आज शुक्रवार सुबह 10 बजे अंबरनाथ नगर परिषद के नगराध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेंगी. ताजपोशी की पूरी तैयारी कर ली गई है. भाजपा शहर के पदाधिकारी दिलीप कणसे ने बताया कि पदभार संभालते समय भाजपा महिला प्रदेशाध्यक्षा चित्रा वाघ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, विधायक किसन कथोरे, गुलाबराव करंजुले आदि वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे. अंबरनाथ नपा कार्यालय के समक्ष डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मैदान में एक भव्य पंडाल और स्टेज लगाया गया है. यहां पर पहले मार्गदर्शन समारोह होगा. शहरवासियों की नजर इस पर लगी हुई है कि नगराध्यक्षा अपने भाषण में क्या बोलेंगी और शहरवासियों को गृहकर में क्या छूट देने का ऐलान करेंगी.

पदभार संभालने का समारोह पहले एक जनवरी को रखा गया था. उसको 2 जनवरी पर रखा गया है. नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले नए नपा कार्यालय की पहली नगराध्यक्षा हैं, जिन्हें जनता ने चुनकर दिया है. भाजपा की ओर से मित्र पक्ष शिवसेना, आरपीआई, कांग्रेस, राकांपा एवं अन्य पक्ष के कौन-कौन नेता उपस्थित रहेंगे. उस पर सबकी नजरें लगी हुई हैं.

पूर्व नगराध्यक्ष शिवसेना के सुनिल चौधरी ने पत्रकारों को बताया है कि विधायक डॉ. बालाजी किणीकर एवं उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण से भेंट करके भाजपा-शिवसेना महायुति की सत्ता स्थापना बाबत सकारात्मक चर्चा की है. उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में ये चर्चा की गई है. ऐसा सुनिल चौधरी ने कहा है. लेकिन पदग्रहण समारोह के निमंत्रण पत्रिका में किसी भी शिवसेना नेता का नाम नहीं है.

# पैनल-2 में मीना कौर लबाना के कार्य उन्हें विजयी बनाएंगे

### ■ नए चेहरों के साथ चुनावी मैदान में




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा पैनल 2 से भाजपा उम्मीदवार श्रीमती मीना कौर अजित संग लबाना चुनावी मैदान में है उनके साथ तीन नए चेहरों को पार्टी ने मौका दिया है जिसमें एड. भरत शिवनानी, हरिश कनोजिया व संध्या सतिश मराठे है। मीना कौर लबाना ने अपने कार्यकाल में वार्ड के मूलभूत सुविधाओं को घर-घर पहुंचाने का कार्य किया है। आज भी सादगी भरा जीवन व्यतीत करने वाला लबाना परिवार हमेशा अपने वार्ड की सेवा में उपलब्ध रहता है। इस वार्ड में पानी व सफाई की अहम समस्या से वार्डवासियों को निजात दिलाने में लबाना परिवार सफल रहा है। इसी पैनल में मीना कौर लबाना का घर व कार्यालय भी मौजूद होने के कारण वो 24 घंटे वार्ड की सेवा में उपलब्ध रहती है। ऐसे में मेरा काम ही मेरी पहचान उनकी टैग लाइन है उनके कार्य ही उन्हें जीताएंगे ऐसा वार्डवासियों का ही कहना है।

# अपंग भिखारी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

- रुपयों से भरा पर्स वापस किया
- अंबरनाथ पुलिस ने किया तुरंत जांच
- मालिक ने दिया भिखारी को 1000 रु. इनाम

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक भिखारी ने ईमानदारी की मिसाल कायम की है. दोनों पैर से अपंग शिवमंदिर के पास भीख मांगकर गुजारा करने वाले अनिल आभा सोनावणे को शहर पश्चिम में चिंचपाड़ा के चर्च के पास सड़क पर पैसों से भरा किसी अज्ञात व्यक्ति का पर्स मिला. उसने तुरंत पंछी नामक रिक्शा चालक की रिक्शा में बैठकर अंबरनाथ पुलिस स्टेशन गया और पर्स और पुलिस के हवाले किया. भिखारी सोनावणे चाहता तो पर्स अपने पास रख सकता था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया.

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद के मार्गदर्शन में पर्स मालिक की तलाश शुरू हुई. पर्स खोला गया तो उसमें 7800 रुपए थे. एक बैंक की स्लिप पुलिस को मिली. पुलिस उप निरीक्षक पानसरे, साबले मैडम ने बैंक से पर्स मालिक का मोबाइल नंबर लेकर उसे फोन करके बुलाया और पूछताछ करके पर्स मालिक के हवाले किया गया. पुलिस ने पर्स मालिक का नाम संजय पवार बताया है. संजय भी ये देखकर हैरत में पड़े गए कि एक भिखारी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है. उसने अनिल को 1 हजार रुपए ईनाम स्वरूप दिए. संजय ने बताया कि वह मार्केट में सामान लेने आया था. सामान लेकर वह घर जा रहा था कि उसका पर्स गिर गया. व.पु.नि. शब्बीर सय्यद, उप निरीक्षक पानसरे, साबले मैडम एवं महेश जाधव ने पर्स को संजय के हवाले किया. संजय ने अपंग भिक्षेकरी अनिल को एक हजार रुपए इनाम देते हुए कहा कि वह इन पैसों से कपड़े खरीद ले. अपंग भिक्षेकरी की इमानदारी की चर्चा पूरे शहर में हो रही है.



# थर्टी फर्स्ट की पार्टी में राडा

### ■ 2 परिवार लड़ पड़े, कई घायल

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के वांद्रा पाड़ा में नए साल का जश्न मनाते हुए दो परिवार में जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक परिवार के 4 लोग घायल हैं. एक महिला के सर पर बैट से मारकर घायल किया गया है. वांद्रा पाड़ा फातिमा चर्च के पीछे रहने वाली स्वाति नीलेश पाटिल (35) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी का परिवार और उनका परिवार एक ही चाल में रहते हैं. दोनों परिवार के लोग 31 दिसंबर की रात में पार्टी कर रहे थे. उनके भांजे सोहम जाधव के मोबाइल हाथ से नीचे गिर गया और गाना बंद हो गया. अचानक गाना बंद होने से सभी रोष में आ गए. गायकवाड़ परिवार के शशिकांत गायकवाड़, अशोक गायकवाड़, अश्विनी गायकवाड़ ने उन्हें मारना शुरू कर दिया. अशोक गायकवाड़ ने शिकायतकर्ता स्वाति पाटिल को बैट से सर पर मारा. उसके सर से रक्त बहने लगा. शेष आरोपियों ने गाली गलौज करके हाथों बुक्कों से उसे मारा. स्वाति अस्पताल में उपचार के बाद जब पुलिस में शिकायत करने जा रही थी, तब शशिकांत गायकवाड़ ने उन्हें धमकी दी कि कल तुमको क्या करता हूं देखना... पुलिस ने गायकवाड़ परिवार के 3 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
संपादकीय

## फिर शर्मसार हुआ सिस्टम

निर्भया कांड की दिल दहला देने वाली घटना ने सामाजिक संवेदनाओं को पूरी तरह झकझोर दिया था। उसके बाद इस तरह के घिनौने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कानून को और सख्त किया गया, लेकिन जमीन पर उसका प्रभावी असर कम ही नजर आता है। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में सोमवार की रात चलती कार में एक विवाहिता से सामूहिक बलात्कार की घटना ने एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस वारदात में भी विकृत मानसिकता का बर्बर चेहरा सामने आया है। आरोपियों ने विरोध करने पर न सिर्फ पीड़ित महिला की बेरहमी से पिटाई की, बल्कि बाद में उसे चलती कार से सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, मगर सवाल है कि आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों के मन में कानून का खौफ क्यों नहीं है? क्या आम नागरिकों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही सुरक्षा एजेंसियां अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन नहीं कर रही हैं?

गौरतलब है कि फरीदाबाद में दो आरोपियों ने देर रात किसी वाहन का इंतजार कर रही एक महिला को लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठा लिया और उसे उसके गंतव्य तक ले जाने के बजाय गुरुग्राम की ओर ले गए तथा कार के अंदर ही उसके साथ मारपीट कर बलात्कार किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पीड़ित महिला को कई घंटे कार में घुमाते रहे और करीब तीन बजे राजा चौक के पास तेज रफ्तार कार से उसे बाहर धकेल दिया।

हैरत की बात है कि आरोपी रातभर इस कार को सड़कों पर दौड़ाते रहे, लेकिन पुलिस के किसी गश्ती दल ने इस पर ध्यान नहीं दिया और न ही किसी नाके पर उसे रोका गया। इससे पुलिस की सजगता और सतर्कता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। चलते वाहन में इस तरह की वारदात के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि पुलिस ने इनसे कोई सबक नहीं लिया है। वह घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी पर अपनी पीठ थपथपाने में लगी रहती है, लेकिन अपराध को रोकने का दायित्व बोध कोसों दूर रह जाता है।

# विचार : भविष्य के भारत को बनाने का समय

पिछले एक दशक में भारत की छवि निश्चित रूप से एक सशक्त देश के रूप में निखरी है। नए वर्ष में इस बदलते भारत के भविष्य के बारे में सोचते हुए हमें देश की समृद्ध प्राचीन सभ्यता और आधुनिक राष्ट्र-राज्य की संकल्पना, दोनों को ध्यान में रखना होगा। लोक की स्मृति में अभी भी नैतिक और न्यायपूर्ण शासन के लिए रामराज्य की अमिट छवि कायम है। इसलिए जहां वैश्वीकरण के अनुकूल आकांक्षाओं को ध्यान में रखना होगा, वहीं नैतिकता, सत्य तथा अहिंसा जैसे मानदंडों की भी चिंता करनी है। देश की प्रगति की कथा को देखें तो उसमें निरंतरता और परिवर्तन दोनों के तत्व मिलते हैं। इस नए वर्ष में हमें संयत होकर यह विचार करना होगा कि विकसित भारत कैसा होगा, क्योंकि भारतीय समाज में अनेक प्रकार की बहुलताएं हैं, जिसे लेकर कुछ विचारक देश की मौलिक एकता को प्रश्नांकित करते हैं। वे भूल जाते हैं कि भारतीय दृष्टि में बहुलता अंतर्निहित मौलिक एकता का ही प्रकटन होती है-एकम् सद् विप्रा बहुधा वदंति। इसी एकता को खोजना पहचानने का उद्देश्य होना चाहिए। पूरे प्राणी जगत में निकटता को आधार बना कर विविधताओं का सह-अस्तित्व और पारस्परिक संवाद इस भारत का मौलिक सोच रहा है। यह अकारण नहीं है कि परिवार या कुटुंब का रूपक हमारे सोच में केंद्रीय है। देश की एकता, देश को अपनाने के भाव और देशप्रेम के लिए भी यह दृष्टि जरूरी है। बीता वर्ष भारत के लिए चुनौतियों भरा रहा। अमेरिकी नीति ने भारत के निर्यात, रुपये की हैसियत, निवेश तथा भुगतान संतुलन आदि को लेकर मुश्किलें खड़ी कर दीं। राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी हितों को आक्रामक ढंग से आगे धकेलने की नीति ने हमारा अहित किया। इसे देखते हुए स्थिति को संभालने के लिए भारत ने कई कदम उठाए गए। जीएसटी की दरें कम की गईं और श्रम कानूनों में बदलाव लाया गया। यह बड़ी उपलब्धि है कि अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितता की विकट परिस्थितियों में भी भारत की



जीडीपी की दर विश्व में अव्वल दर्जे की बनी रही।

खुदरा महंगाई दर भी आठ साल में सबसे कम रही। अच्छी पैदावार, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, कच्चे तेल की कम कीमतों ने इन परिस्थितियों में मदद की। शेयर बाजार में घरेलू निवेशक हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत बने। आयकर रिटर्न के दाखिलों और कर-संग्रह में भी सुधार हुआ। बिजली, शहरी विकास, खनन, और वित्तीय सेवा के क्षेत्र में नई पहलें की गईं। भारत एक बड़ी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और अनुमान है कि 2030 तक 7.3 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर जीडीपी के साथ वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

सामाजिक संरचना की दृष्टि से देश में मध्यम वर्ग का आकार बढ़ रहा है, जिससे खपत और शहरीकरण में वृद्धि और गरीबी में कमी के आसार बन रहे हैं। देश में बुनियादी ढांचा विस्तृत हो रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआइ), अंतरिक्ष विज्ञान, मेट्रो और बुलेट ट्रेन आदि को लेकर भी प्रगति दर्ज हो रही है। मेड इन इंडिया के तहत मैन्यूफैक्चरिंग, आइटी, स्वास्थ्य सेवा और स्टार्टअप्स में भारी वृद्धि से रोजगार के नए अवसर बढ़ रहे हैं। उत्पादन क्षेत्र में प्रगति की संभावना दिख रही है और स्वदेशी विकास की नीति अपनाई जा रही है। अनुमान है कि 5-जी और रोबोटिक्स के उपयोग का दायरा विस्तृत होता जाएगा। अब आनलाइन खरीदारी और ओटीटी प्लेटफार्म तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। भविष्य में एआइ का प्रभुत्व और भी बढ़ेगा। उसी के साथ साइबर अपराध भी बढ़ सकते हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा बड़ा महत्वपूर्ण सरोकार बन रहा है। यह भी याद रखना जरूरी है कि देश का भविष्य सिर्फ आर्थिक उन्नति के सूचकों तक सीमित नहीं किया जा सकता।

आर्थिक विकास को केवल वृद्धि दर के अर्थ में ही नहीं, बल्कि रोजगार के अधिक अवसर, सामाजिक गतिशीलता और आम जनों के जीवन-स्तर में उन्नति के संदर्भ में भी देखना होगा। सबके लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए आर्थिकी को ज्ञान-केंद्रित और सामाजिक रूप से ज्यादा उत्तरदायी भी बनाना होगा।




हम सोचते हैं कि हम इस संसार के हैं, लेकिन एक भी आत्मा इस संसार की नहीं है। सभी आत्माएँ प्रभु की हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले दो सप्ताह में वहां तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। इससे हिंदू समुदाय के भीतर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ये हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब बांग्लादेश में आए दिन विरोध प्रदर्शनों से अराजक स्थिति पैदा हो रही है। सवाल है कि ऐसे हमले अचानक हो रहे हैं या फिर किसी गहरी साजिश के तहत इस तरह की हिंसा का जाल बुना जा रहा है! ऐसे में वहां की अंतरिम सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

हालांकि, सरकार का दावा है कि इन घटनाओं को सांप्रदायिकता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि इनके पीछे व्यक्तिगत कारण हो सकते हैं। अगर यह सही है, तो फिर क्या वजह है कि अल्पसंख्यकों को ही लक्षित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है? कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? जाहिर है कि जिस तरह की अराजक स्थिति पैदा हो रही है, उसके लिए शासन एवं प्रशासन ही जवाबदेह हैं।

बांग्लादेश में अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ था। अंतरिम सरकार बनने के बाद वहां माहौल थोड़ा शांत और स्थिर हुआ था, लेकिन हाल के दिनों में हिंसा फिर से जोर पकड़ने लगी है। खासकर अब हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले दो सप्ताह के भीतर तीन हिंदू नागरिकों की



हत्या कर दी गई। पहले भालुका इलाके में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डाला और फिर उसे आग के हवाले कर दिया गया।

इसके कुछ दिन बाद मैमनसिंह जिले में एक हिंदू नागरिक की हत्या कर दी गई। हाल ही में कपड़े के कारखाने में एक हिंदू कर्मी को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में स्थानीय पुलिस का दावा है कि आरोपी ने मजाक में हिंदू व्यक्ति की तरफ बंदूक तानी थी और इस दौरान अचानक गोली चल गई। जबकि घटना के चश्मदीद का कहना है कि आरोपी ने जान-बूझकर गोली चलाई। बयानों के इस विरोधाभास से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

यह बात छिपी नहीं है कि पाकिस्तान हो या बांग्लादेश, वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा और उनके अधिकार सुरक्षित नहीं हैं। अत्याचार, प्रताड़ना, जबरन धर्मांतरण और हिंसा की वजह से वहां हिंदुओं की आबादी लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद से हिंदू समुदाय के लोगों पर लक्षित हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं। वहां जिस उद्देश्य से अंतरिम सरकार का गठन किया गया था, वह पूरा होता नजर नहीं आ रहा है।

कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की विफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि न तो विरोध प्रदर्शन थम रहे हैं और न ही हिंसक गतिविधियों पर अंकुश लग पाया है। इसका असर भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ा है। मगर ऐसा प्रतीत होता है कि वहां की अंतरिम सरकार भारत के साथ संबंध सुधारने को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कूटनीतिक प्रयास तेज करने होंगे, ताकि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर पैदा हुए खतरे को कम किया जा सके।

# चीन ने बना डाली बिना कांटों वाली मछली

आपने फिल्मों में या किसी डॉक्यूमेंट्री में जेल तो देखा ही होगा. जेलों में अपराधियों को बंद किया जाता है. पर क्या आपने कभी ऐसे

**जरा हट के**

जेल के बारे में सुना है, जहां अपराधियों को नहीं मोटे लोगों को बंद किया जाता हो? हाल ही में एक ऐसे जेल के बारे में चर्चा शुरू हो गई है जो चीन में है. इसमें 28 दिनों तक बंद रहकर लोग अपना वजन घटाते हैं. इस जेल में बंद होने के लिए उन्हें कीमत चुकानी पड़ती है.

चीन में वजन घटाने के लिए एक बेहद अनोखा तरीका सामने आया है जिसके विवाद भी खड़े कर दिए हैं. इस तरीके को "फैट जेल" कहा जा रहा है. ये सेना के तरीके से बनाए गए बंद कैंप हैं, जहां मोटापे से जूझ रहे लोगों को 28 दिनों के लिए लगभग कैद जैसी परिस्थितियों में रखा जाता है. इन कैंपों का दावा है कि सख्त अनुशासन, इंटेंस एक्सरसाइज और नियंत्रित खानपान के जरिए



कुछ ही हफ्तों में तेजी से वजन कम कराया जा सकता है. इन कैंपों की सच्चाई हाल ही में एक ऑस्ट्रेलियाई महिला ने सोशल मीडिया पर उजागर की है. 28 वर्षीय महिला, जो इंस्टाग्राम पर @eggeats नाम से जानी जाती हैं, ने अपने चार हफ्तों के अनुभव को वीडियो और पोस्ट के जरिए साझा किया. उन्होंने बताया कि इस 28 दिन के कार्यक्रम के लिए उन्हें करीब 1000 डॉलर (लगभग 89 हजार रुपये) खर्च करने पड़े.

महिला के अनुसार, कैंप में दिन की शुरुआत बेहद सख्त दिनचर्या से होती है. रोजाना करीब चार घंटे तक लगातार एक्सरसाइज कराई जाती है. इसमें सबसे पहले ग्रुप एरोबिक्स क्लास होती है, इसके बाद हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिंग (HIT), फिर एक और एरोबिक्स सत्र और आखिर में तेज रफ्तार स्पिन क्लास कराई जाती है. यह पूरा शेड्यूल शारीरिक रूप से काफी थकाने वाला होता है. कैंप में खाने-पीने पर भी पूरी तरह नियंत्रण रहता है. दिन में तीन बार तय मात्रा में भोजन ट्रे में परोसा जाता है. नाश्ता काफी हल्का होता है, जबकि दोपहर के भोजन में ब्रेज़्ड डक, तली हुई सब्जियां और कच्ची गाजर जैसी चीजें दी जाती हैं. खाने की मात्रा पहले से तय होती है, जिससे कोई अतिरिक्त कैलोरी न ली जा सके.

# चटपटे मटर

खाना-खजाना

मटर-कुलचा दिल्ली का एक मशहूर स्ट्रीट फूड है। हर जगह आपको मटर-कुलचे की रेड़ी देखने को मिल जाएगी, जहां से चटपटे मटर की खुशबू आती रहती है। हालांकि, बाजार में मिलने वाले मटर-कुलचे काफी स्वादिष्ट होते हैं, लेकिन इनके हाइजीन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। लेकिन चिंता मत करिए, एक बहुत ही आसान रेसिपी की मदद से आप घर पर भी मटर-कुलचा बना सकते हैं, वो भी स्वाद और हाइजीन के साथ कॉम्प्रोमाइज किए बिना। आइए जानें मटर-कुल्चे बनाने की आसान रेसिपी।

**सामग्री-**



- सफेद मटर- 1 कप (रात भर भिगोए हुए)
- बारीक कटा प्याज- 1 मध्यम
- बारीक कटा टमाटर- 1 मध्यम
- हरी मिर्च- 2-3 (बारीक कटी हुई)
- अदरक- 1 इंच का टुकड़ा (कद्दूकस किया हुआ)
- इमली का पानी- 3-4 बड़े चम्मच
- मसाले- नमक (स्वादानुसार), लाल मिर्च पाउडर (1/2 चम्मच), भुना जीरा पाउडर (1 चम्मच), चाट मसाला (1 चम्मच), काला नमक (1/2 चम्मच)
- हरा धनिया- बारीक कटा हुआ

**बनाने का तरीका-**

सबसे पहले भिगोए हुए मटर को कुकर में डालें। फिर इसमें 2 कप पानी और थोड़ा नमक डालकर 3-4 सीटी आने तक उबालें। ध्यान रखें कि मटर गल जाएं पर पूरी तरह से मैश न हों। अब उबले हुए मटर को एक बड़े बर्तन में निकाल लें और इसमें कटा हुआ प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और अदरक डालें।

इसके बाद इसमें इमली का पानी, भुना जीरा पाउडर, चाट मसाला, लाल मिर्च और काला नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। सबसे लास्ट में ऊपर से खूब सारा हरा धनिया और थोड़ा नींबू का रस डालें। आपके चटपटे मटर तैयार हैं!

# दुनिया भर में न्यू इयर मनाने के अनोखे तरीके

नया साल यानी नई उम्मीद। इस दिन को नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। हर साल 31 दिसंबर की रात को लोग पुराने साल को अलविदा कहते हैं और 12 बजे नए साल का स्वागत करके हैं। कहीं यह जश्न शोर-शराबे और आतिशबाजी के साथ मनाया जाता है, तो कहीं यह धार्मिक और पारंपरिक रीति-रिवाजों से जुड़ा होता है। आइए जानते हैं कि अलग-अलग देशों में न्यू ईयर कैसे मनाया जाता है।

### जापान- 108 घंटियों की आवाज

जापान में नए साल का जश्न बेहद शांत और आध्यात्मिक होता है। यहां 31 दिसंबर की रात को बौद्ध मंदिरों में 'जॉया नो काने' नाम की परंपरा निभाई जाती है। इसके तहत मंदिरों में 108 बार घंटी बजाई जाती है। माना जाता है कि इंसान के भीतर 108 तरह की बुराइयां या इच्छाएं होती हैं और हर घंटी की आवाज एक-एक बुराई को दूर करती है। इस तरह लोग शुद्ध मन से नए साल का स्वागत करते हैं।

### स्पेन- 12 अंगूरों की परंपरा



स्पेन में न्यू ईयर सेलिब्रेशन काफी मजेदार होता है। यहां आधी रात को घड़ी की हर घंटी के साथ एक-एक अंगूर खाने की परंपरा है। कुल 12 घंटियों के साथ 12 अंगूर खाए जाते हैं, जो साल के 12 महीनों का प्रतीक होते हैं। माना जाता है कि जो व्यक्ति सही समय पर सभी अंगूर खा लेता है, उसका पूरा साल खुशहाल और लकी रहता है।

### स्कॉटलैंड- फर्स्ट फुटिंग

स्कॉटलैंड में नए साल को 'हॉगमने' कहा जाता है और यहां 'फर्स्ट फुटिंग' की परंपरा बहुत खास मानी जाती है। नए साल में सबसे पहले जो व्यक्ति किसी घर में कदम रखता है, वह घर के लिए सौभाग्य लेकर आता है। आमतौर पर लंबे कद और काले बालों वाले व्यक्ति को शुभ माना जाता है।

### इटली- पुरानी चीजों को अलविदा

इटली में नए साल पर लोग पुराने सामान को बाहर फेंकने की परंपरा निभाते हैं। खासतौर पर पुराने बर्तन, फर्नीचर या इस्तेमाल न होने वाली वस्तुएं खिड़की से बाहर फेंकी जाती हैं। इसका मतलब होता है कि पुराने साल की नेगेटिविटी को छोड़कर नए साल का खुले दिल से स्वागत किया जाए। इसके अलावा यहां लाल रंग के कपड़े पहनना भी शुभ माना जाता है।

### डेनमार्क- प्लेटें तोड़कर जश्न



डेनमार्क में न्यू ईयर पर लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के घर के दरवाजे पर प्लेट्स तोड़ते हैं। जितनी ज्यादा टूटी प्लेट्स, उतना ज्यादा सौभाग्य माना जाता है। यह परंपरा दोस्ती, प्रेम और अच्छे संबंधों का प्रतीक है। यहां आधी रात को कुर्सी से कूदकर नए साल में प्रवेश करना भी शुभ माना जाता है।

### अमेरिका- टाइम स्क्वायर पर बॉल ड्रॉप

अमेरिका में न्यू ईयर का सबसे मशहूर जश्न न्यूयॉर्क के टाइम स्क्वायर में होता है। यहां हर साल लाखों लोग जमा होते हैं और ठीक रात 12 बजे चमकती हुई बॉल को ऊपर से नीचे गिरते हुए देखते हैं। जैसे ही बॉल नीचे पहुंचती है, नया साल शुरू हो जाता है और पूरा इलाका आतिशबाजी और तालियों से गूंज उठता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : नए साल के पहले दिन भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृषभ** : नए साल में बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है।

**मिथुन** : आज के दिन यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी। फालतू खर्च होगा।

**कर्क** : नवीन वर्ष में नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

**सिंह** : आज धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** : आज व्यापार लाभप्रद रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। खर्चों में कमी करें। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

**तुला** : नए साल के पहले दिन भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**वृश्चिक** : आज भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु** : नए साल के पहले दिन अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। परिवार की मदद मिलेगी।

**मकर** : आज व्यवसाय ठीक चलेगा। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

**कुंभ** : रोजगार में वृद्धि होगी। नए साल के पहले दिन यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन** : नए साल के पहले दिन पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सर्दियों में रूखी त्वचा से हैं परेशान?

## घरेलू स्क्रब से पाएं मखमल जैसी सॉफ्ट स्किन

सर्दियों का मौसम आते ही त्वचा रूखी, बेजान और खिंची-खिंची सी महसूस होने लगती है। ठंडी हवा और नमी की कमी के कारण स्किन पर डेड सेल्स जमा हो जाते हैं, जिससे त्वचा अपनी नेचुरल चमक खो देती है। ऐसे में बॉडी एक्सफोलिएशन बेहद जरूरी हो जाता है। यह न सिर्फ डेड स्किन हटाता है बल्कि ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है। अच्छी बात यह है कि इसके लिए महंगे प्रोडक्ट्स की जरूरत नहीं, बल्कि आप घर पर ही नेचुरल बॉडी स्क्रब बना सकती हैं। आइए जानते हैं सर्दियों में इस्तेमाल किए जाने वाले 4 आसान और असरदार नेचुरल बॉडी स्क्रब के बारे में।

### चीनी और नारियल तेल का स्क्रब

चीनी एक बेहतरीन नेचुरल एक्सफोलिएटर है, जो त्वचा से डेड सेल्स हटाने में मदद करती है। वहीं नारियल तेल स्किन को गहराई से मॉइश्चराइज करता है। इस स्क्रब को बनाने के लिए 2 चम्मच चीनी में एक चम्मच नारियल तेल मिलाएं। नहाने से पहले इसे हल्के हाथों से बॉडी पर मसाज करें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। यह स्क्रब सर्दियों में ड्राई स्किन के लिए बेहद फायदेमंद है।

### कॉफी और ऑलिव ऑयल स्क्रब

कॉफी न सिर्फ थकान दूर करने में मदद करती है, बल्कि त्वचा को स्मूद और टाइट भी बनाती है।



ऑलिव ऑयल स्किन को पोषण देता है और रूखेपन से बचाता है। 2 चम्मच कॉफी पाउडर में एक चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाकर स्क्रब तैयार करें। इसे खासतौर पर कोहनी, घुटनों और एड़ियों पर इस्तेमाल करें। नियमित इस्तेमाल से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है।

### ओट्स और शहद का स्क्रब

ओट्स सेंसिटिव और ड्राई स्किन के लिए बहुत अच्छे माने जाते हैं। इनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो खुजली और जलन को कम करते हैं। 2 चम्मच पिसे हुए ओट्स में 1 चम्मच शहद मिलाएं और जरूरत हो तो थोड़ा दूध डालें। इस स्क्रब को बॉडी पर सर्कुलर मोशन में लगाएं। यह स्क्रब स्किन को सॉफ्ट बनाने के साथ-साथ नेचुरल ग्लो भी देता है।

### बेसन और दही का स्क्रब

बेसन भारतीय घरों में सदियों से स्किन केयर के लिए इस्तेमाल होता आ रहा है। यह त्वचा को साफ करने और टैन हटाने में मदद करता है। 2 चम्मच बेसन में एक चम्मच दही और चुटकी भर हल्दी मिलाएं। इस पेस्ट को बॉडी पर लगाकर हल्के हाथों से रगड़ें और सूखने से पहले धो लें। यह स्क्रब सर्दियों में स्किन को फ्रेश और हेल्दी बनाए रखता है।

### एक्सफोलिएशन के लिए जरूरी टिप्स

सर्दियों में हफ्ते में 1-2 बार ही बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करें। ज्यादा रगड़ने से त्वचा को नुकसान हो सकता है। स्क्रब के बाद हमेशा मॉइश्चराइजर लगाना न भूलें, ताकि त्वचा लंबे समय तक सॉफ्ट और हाइड्रेटेड रहे।

# सिर में भर गया है डैंड्रफ

### इन 2 चीजों को लगाएं, रूसी से मिलेगा छुटकारा



डैंड्रफ एक आम लेकिन बहुत परेशान करने वाली समस्या बन गई है. महंगे शैंपू और केमिकल प्रोडक्ट्स मिलने के बावजूद, कई लोगों को इससे राहत मिलना मुश्किल होता है. गांवों में आज भी पारंपरिक घरेलू इलाज चलन में हैं, और ये काफी फायदेमंद साबित हुए हैं. ऐसे में ये आसान नींबू और एलोवेरा का उपाय न सिर्फ सस्ता है, बल्कि नियमित इस्तेमाल से जड़ों से डैंड्रफ हटाने में भी मदद करता है.

नींबू सिर को गहराई से साफ करता है. सबसे पहले, एक नींबू काटें और सूखे बालों और सिर पर अच्छे से मलें. नींबू का रस सिर की गंदगी और डैंड्रफ हटाता है. नींबू लगाने के बाद, थोड़ी देर ऐसे ही छोड़ दें ताकि वह पूरी तरह से असर करे.

एलोवेरा ठंडक और पोषण देता है. नींबू इस्तेमाल करने के बाद, एलोवेरा को काटकर उसका जेल निकाल लें. ये जेल बालों की जड़ों में अच्छे से लगाएं. एलोवेरा सिर की देखभाल करता है. जलन कम करता है. रूखापन भी रोकता है.

बाल धोने के बाद और शैम्पू या एलोवेरा लगाने के बाद, बालों को थोड़ी देर सूखने दें. जब यह मिश्रण पूरी तरह सूख जाए, तो हल्के शैम्पू से बालों को धो लें. इससे सिर अच्छी तरह साफ हो जाएगा. यह बालों को भी मुलायम बना देगा.

इस घरेलू नुस्खे को दो से तीन बार इस्तेमाल करने के बाद असर दिखेगा. नियमित इस्तेमाल से सिर्फ डैंड्रफ ही नहीं हटेगा, बल्कि बाल भी हेल्दी रहेंगे. केमिकल्स का इस्तेमाल किए बिना नेचुरल तरीके से डैंड्रफ हटाना चाहते हैं तो ये पारंपरिक नुस्खा आपके लिए बहुत अच्छा है.

अगर आपको डैंड्रफ के साथ स्किन की दूसरी समस्याएं भी हैं, तो एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि घर के इलाज शुरू करने से पहले डॉक्टर से जरूर मिलें.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी में भीषण हादसा: कंबल वितरण के दौरान कार ने छह लोगों को कुचला, एक की मौत

**मिर्जापुर.** मिर्जापुर में भीषण हादसा हो गया। कंबल वितरण के दौरान एक कार ने छह लोगों को कुचल दिया। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग बुरी तरह से घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने चौकी में भी तोड़फोड़ कर डाली। घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के भुइली गांव के पास की है। जानकारी के अनुसार नए साल के पहले दिन अदलहाट शेरवा मार्ग पर कंबल वितरण का आयोजन किया गया था। कंबल लेने के लिए कई ग्रामीण पहुंचे थे। दोपहर करीब ढाई बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े छह लोगों को रौंद दिया। इस बीच एक व्यक्ति कार के नीचे फंस गया। कार युवक को चार किलोमीटर तक घसीट ले गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

### न्यू ईयर की पार्टी में बवाल, डीजे बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, वर्दी भी फाड़ी

**बरेली.** यूपी के बरेली में न्यू ईयर पार्टी में देर रात बवाल हो गया है। शहर के ग्रीन पार्क क्षेत्र स्थित सोबती कांटिनेंटल होटल में बजे रहे डीजे को बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके होटल के मैनेजर, संचालक की रिश्तेदार समेत तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, रात करीब ढाई बजे बिना किसी अनुमति के तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था और होटल सोबती कांटिनेंटल में शराब पार्टी चल रही थी। रात डेढ़ बजे पुलिस ने वहां जाकर डीजे बंद करा दिया। मगर रात ढाई बजे संचालकों ने दोबारा डीजे शुरू कर दिया। तेज शोर-शराबे से आसपास के लोगों को परेशानी हो रही थी, जिस पर पुलिस को सूचना दी गई।

### किसी और से बात करने लगी प्रेमिका इसलिए गला रेत दिया, प्रेमी ने उगले कई राज

**सुल्तानपुर.** यूपी के सुल्तानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में बीते मंगलवार को हुई कक्षा नौ की छात्रा की गला रेतकर हत्या के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी विनीत ने पूछताछ में बताया कि मृतका से वह प्यार करता है, इन दिनों उसकी प्रेमिका मोबाइल पर किसी दूसरे लड़के से बात करने लगी थी। इस बात को लेकर उसका छात्रा से विवाद हुआ था। घटना के दिन भी छात्रा मोबइल पर किसी और से बात कर रही थी। विनीत जब पूछा तो वह तरह तरह के बहाने बनाने लगी। तभी विनीत उसकी मोबाइल देखने के लिए मांगा, छात्रा मोबाइल नहीं दी, इस पर उसे गुस्सा आ गया है। विनीत ने बताया कि उसने छात्रा से कहा कि वह उसके पैसे खाती है और बात किसी और से करती है। इस पर छात्रा ने जवाब दिया कि यह उसकी मर्जी है कि वह जिससे चाहे बात करे। इससे विनीत को गुस्सा आ गया। उसने वहीं पड़ा चाकू उठाया और छात्रा की हत्या करने की नीयत से उसका गला काट दिया।

### देवरिया में नए साल पर खूनी संघर्ष, नशेड़ी ने बीच सड़क पर युवक के पेट में घोंपा चाकू

**देवरिया.** यूपी के देवरिया जिले के तरकुलवा क्षेत्र में नए साल की सुबह एक नशेड़ी ने चाकू से हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।आसपास के लोग घायलावस्था में लेकर उसको सीएचसी तरकुलवा पहुंचे जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। नशेड़ी युवक को वहां मौजूद भींड़ में दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान कुछ नाराज युवकों ने उसकी पिटाई भी की। इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

# इंदौर में दूषित पानी से 14वीं मौत, 1400 लोग इन्फेक्टेड

- 162 भर्ती;
- मृतकों के परिजन ने चेक लेने से मना किया




**इंदौर.** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 14 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। 14वें मृतक का नाम अरविंद (43) पिता हीरालाल है। वह कुलकर्णी भट्टा का रहने वाला था। इससे पहले 21 से 31 दिसंबर तक 13 लोगों की मौत हो चुकी थी। गुरुवार सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भागीरथपुरा इलाके में पहुंचे। इस दौरान 7 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए के चेक दिए। परिजन ने मंत्री की मौजूदगी में नाराजगी जताते हुए कहा- हमें आपका चेक नहीं चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 7992 घरों का सर्वे किया है। इनमें 2456 लोग इंफेक्टेड और संदिग्ध मिले। 200 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 40 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 162 लोगों को अलग–अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। एमपी हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने एक जनहित याचिका पर सरकार से 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। साथ ही सभी का फ्री इलाज कराने के आदेश भी दिए हैं।

#### मंत्री विजयवर्गीय के सामने नाराज हुईं महिलाएं

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को स्कूटर पर सवार होकर भागीरथपुरा पहुंचे। इस दौरान महिलाओं ने नाराजगी जाहिर की। इसका वीडियो पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वीडियो में एक महिला कहते दिख रही है... 'पिछले दो वर्षों से गंदा पानी आ रहा है। भाजपा पार्षद को बार-बार बताया गया, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।'

#### पहले भी झेल चुका है इंदौर दूषित पानी का संकट

यह पहला मौका नहीं है जब इंदौर में दूषित पानी से जनस्वास्थ्य संकट खड़ा हुआ हो। जुलाई 2023 में क्लर्क कॉलोनी और सुभाष नगर क्षेत्र में हैजा फैल चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए थे। उस समय जिला सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला की जांच में पानी के नमूनों में बैक्टीरिया और अन्य प्रदूषक पाए गए थे, जिनमें एक बैक्टीरिया हैजा का कारण बना था।

# स्विट्जरलैंड में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान ब्लास्ट

- 40 लोगों के मारे जाने की खबर, 100 घायल
- शहर नो-फ्लाई जोन घोषित



स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। न्यूज मीडिया द मिरर ने लोकल मीडिया से हवाले से बताया कि विस्फोट में 40 लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं।

स्विट्जरलैंड पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बताया कि विस्फोट कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1:30 बजे हुआ। हालांकि मरने वालों की संख्या बताई गई लेकिन पुलिस ने कहा कि कई दर्जन लोगों की मौत की आशंका है, जिनमें कई देशों के नागरिक शामिल हैं।

फिलहाल क्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### आतिशबाजी की वजह से ब्लास्ट की आशंका

स्विस न्यूज आउटलेट ब्लिक के मुताबिक यह धमाका और उसके बाद लगी आग शायद एक कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबाजी की वजह से हुई हो सकती है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। एहतियात के तौर पर विस्फोट वाली जगह और उसके आसपास के इलाके को सील कर दिया गया है।

## पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी-कोलकाता के बीच चलेगी

- थर्ड एसी का किराया 2,300

**नई दिल्ली.** पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। वहीं सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट AC का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित किया गया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा कर लिया है। स्लीपर ट्रेन को 1000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के आखिर तक लगभग 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी।

दो दिन पहले इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी। लोको पायलट ने 4 ग्लास में पानी रखा, इतनी रफ्तार के दौरान भी ग्लास में से पानी नहीं छलका।

उधर बुलेट ट्रेन को लेकर रेलमंत्री ने कहा कि यह 15 अगस्त 2027 को शुरू होगी। सबसे पहले सूरत से बिलिमोरा तक का सेक्शन खुलेगा।

## हिमाचल में 500 दवा कंपनियां बंद होंगी

केंद्र सरकार के फैसले से हिमाचल प्रदेश की 'फार्मा इंडस्ट्री' पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। लगभग 500 फार्मा यूनिट पर ताला लटकने के आसार बन गए हैं। इससे 50 हजार लोगों का रोजगार छिन जाएगा।

इससे भी बड़ी चिंता ये है कि अगर इन फार्मा कंपनियों में प्रोडक्शन ठप हुई तो सामान्य दर्द-बुखार से लेकर कैंसर तक की दवाओं का भी संकट खड़ा हो सकता है।

इसकी वजह है फार्मा कंपनी में लागू किया गया रिवाइज्ड शेड्यूल 'M' (M फॉर्म), जिसके मानक पूरे करने की डेडलाइन 31 दिसंबर की रात 12 बजे खत्म हो गई है। केंद्र ने अभी अतिरिक्त समय नहीं दिया है।

# शाह बोले- ममता सरकार में मां, माटी, मानुष असुरक्षित

- भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- दिल पर लिख लो, इस बार भाजपा सरकार

**कोलकाता.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव में जीत का लक्ष्य तय करने को कहा। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा- ममता



सरकार ने 'मां, माटी, मानुष' का नारा दिया था, लेकिन आज उनके कार्यकाल में सुरक्षित नहीं है।

शाह ने कहा- बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं, जमीन पर माफियाओं का कब्जा है और लोग पलायन को मजबूर हैं। शाह ने कहा कि घुसपैठिए न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर बोझ हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाल की सांस्कृतिक पहचान के लिए भी खतरा हैं।

शाह ने कहा- ममता सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। करोड़ों रुपए के घोटाले हुए हैं, जिनमें शिक्षक भर्ती घोटाला, SSC घोटाला, नगर निगम भर्ती घोटाला, कोयला घोटाला, राशन घोटाला, एमजीएनआरईजीए घोटाला और पीएम आवास योजना घोटाला शामिल हैं।

# नव वर्ष पर 2 लाख लोगों ने रामलला के दर्शन किए

- वैष्णो देवी मंदिर में भीड़ बढ़ने पर रजिस्ट्रेशन बंद
- महाकाल मंदिर में एक लाख भक्तों ने दर्शन किए



**नई दिल्ली.** नए साल पर देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ पहुंची है। मथुरा में बांके-बिहार मंदिर में दर्शन करने वालों की भीड़ लगी हुई है। 12 बजे तक 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने मंदिर में दर्शन किए।

मंदिर प्रशासन ने लोगों से 5 जनवरी तक दर्शन के लिए न आने की अपील की है। अयोध्या में दोपहर 12 बजे तक 2 लाख से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन किए हैं। यहां भी बहुत भीड़ है।

उज्जैन के महाकाल मंदिर में काफी भीड़ है। उपकप्तान स्मृति मंधाना समेत महिला क्रिकेट टीम की कुछ सदस्य भी यहां दर्शन करने पहुंची हैं।

इधर, जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करने वालों की बहुत भीड़ है। अव्यवस्था से बचने के लिए वैष्णो देवी मंदिर श्राइन बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन रोक दिए हैं।

देशभर से साल 2026 के पहले सूर्योदय की तस्वीरें भी सामने आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

## बांग्लादेश में फिर हिंदू शख्स की लिंचिंग

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब शरियतपुर जिले में एक हिंदू दवा विक्रेता खोकन दास पर हिंसक हमला हुआ है। बताया गया कि 50 वर्षीय खोकन दास पर पहले धारदार हथियारों से वार किया गया, उसके बाद मारपीट की गई, और शरीर पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की गई। यह घटना 31 दिसंबर को हुई, जब वे अपने घर लौट रहे थे। स्थानीय समाचार पत्र प्रथम आलो के अनुसार, यह घटना बुधवार को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर हुई, जब बदमाशों ने व्यवसायी खोकन चंद्र दास पर हमला कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, पहले उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया और बाद में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

# भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों की जानकारी दी

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उड़ी थी किराना हिल्स पर हमले की अफवाह



**नई दिल्ली.** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार 1 जनवरी को एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु ठिकानों की लिस्ट शेयर की है। ये ठिकाने वही हैं, जहां दोनों देशों के परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा पिछले 35 साल से चल रही है। भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिए इस लिस्ट का आदान-प्रदान किया।

यह सूची भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत आती है। यह समझौता 31 दिसंबर 1988 को साइन किया गया था। इसमें लिखा है कि दोनों देश इन परमाणु ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे।

समझौता 27 जनवरी 1991 से लागू हुआ। इसके तहत भारत और पाकिस्तान हर कैलेंडर वर्ष के 1 जनवरी को एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों के बारे में बताते हैं। पहली बार लिस्ट 1 जनवरी 1992 को शेयर की गई थी।

यह लिस्ट ऐसे समय में बदली गई है जब मई 2025 में पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसी दौरान पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने किराना हिल्स पर ड्रोन गिरने का दावा किया गया था।

#### रिपोर्ट में दावा- भारत के पास 180 परमाणु हथियार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। ये आंकड़े SIPRI की 2025 के वर्ल्ड न्यूक्लियर फोर्सेस डेटा पर आधारित हैं, जिसमें दोनों देशों के हथियारों की संख्या स्टॉकपाइल (पूंजीकृत भंडार) के रूप में दी गई है।

#### बांग्लादेश कोई दुश्मन देश नहीं है

# मुस्ताफिजुर IPL खेलेंगे

- कड़े विरोध के बाद BCCI का बड़ा बयान



भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बावजूद तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान के इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के लिए खेलने की संभावना बनी हुई है। मुस्ताफिजुर इस मिनी ऑक्शन में बिकने वाले इकलौते बांग्लादेशी खिलाड़ी रहे, जिन्हें KKR ने 9.20 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा है। हालांकि, बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक अस्थिरता और हिंसक घटनाओं के कारण सोशल मीडिया पर केकेआर और बीसीसीआई की काफी आलोचना हो रही है और कुछ राजनीतिक नेताओं ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों को लीग से बाहर करने की मांग भी की है।

इस विवाद पर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए फिलहाल 'वेट एंड वॉच' की नीति अपनाई है। बीसीसीआई का कहना है कि वह सरकार के निर्देशों के बिना किसी भी खिलाड़ी पर प्रतिबंध नहीं लगाएगा। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए इनसाइड स्पोर्ट से कहा, ₹स्थिति संवेदनशील है। हम लगातार सरकार के संपर्क में हैं। फिलहाल ऐसा कुछ नहीं है जिससे बांग्लादेशी खिलाड़ियों पर बैन लगाया जाए। मुस्ताफिजुर आईपीएल खेलेंगे। बांग्लादेश कोई दुश्मन देश नहीं है₹। बोर्ड वर्तमान में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए विदेश मंत्रालय (MEA) के साथ बांग्लादेशी खिलाड़ियों के वीजा संबंधी बातचीत भी कर रहा है।

हालांकि, मुस्ताफिजुर की आईपीएल में पूरी उपलब्धता अभी भी कई कारकों पर निर्भर करेगी। अप्रैल में बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेलनी है और यदि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने एनओसी (NOC) देने से इनकार कर दिया, तो वह कई मैचों से बाहर रह सकते हैं। वीजा को लेकर बीसीसीआई अधिकारी ने कहा है कि, ₹मुस्ताफिजुर रहमान टी20 वर्ल्ड कप के लिए वीजा अप्लाई करेंगे, जिसे IPL के लिए बढ़ाया जाएगा। वीजा कोई बड़ी समस्या नहीं होगी।

# ओला-उबर से 30% तक सस्ती भारत टैक्सी

- किराए में 100 से ज्यादा का अंतर
- दिल्ली में इस महीने, मुंबई-पुणे में छह महीने बाद शुरू




**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार की सहकारी सर्विस 'भारत टैक्सी' जनवरी 2026 से दिल्ली और गुजरात में शुरू हो सकती है। यह छह महीने बाद मुंबई, पुणे में शुरू होगी। सहकारी टैक्सी का ट्रायल डेढ़ महीने पहले दिल्ली और गुजरात के राजकोट में शुरू हुआ था, जो सफल रहा है।

अपने पायलट प्रोजेक्ट में यह ओला-उबर पर भारी पड़ रही है। सहकारी टैक्सी पीक ऑवर में अपनी प्राइवेट प्रतिद्वंद्वियों से 25 से 30% तक सस्ती पड़ रही है। भास्कर ने दिल्ली में 100 से ज्यादा ड्राइवरों, राइडर्स, यूनियन पदाधिकारियों और भारत टैक्सी एप से जुड़े अधिकारियों से बात की।

इसी दौरान ओला, उबर, रैपिडो और भारत टैक्सी के रेट की जांच की। पीक ऑवर यानी सुबह 9, शाम 7 और रात 10 बजे रियल टाइम में भारत टैक्सी और ओला-उबर के रेट में 100 से ज्यादा का अंतर मिला। जबकि नॉर्मल ऑवर यानी सुबह 8 बजे, दोपहर 2 बजे यह अंतर घटकर महज 5-20 रह जाता है।

बता दें कि भारत टैक्सी भी ओला-उबर की तरह एप से ही बुक होती है। इसे भारतीय सहकारिता कंपनी सहकारी टैक्सी कॉपरेटिव लि. संचालित करेगी। इसके चेयरमैन अमूल के मालिक जयंत मेहता हैं। जबकि कर्नाटक में सफल हो चुकी नम्मा टैक्सी को पीपीपी मॉडल में सर्विस दे रहे मूविंग टेक प्राइवेट लि. टेक पार्टनर है।

#### सहकारी टैक्सी... 2 बड़े फायदे

- **कमीशन नहीं :** ओला, उबर जैसी कंपनियां जहां ड्राइवरों की कमाई में से 20–30% कमीशन काटती हैं, वहीं सहकारी टैक्सी में कमीशन नहीं कट रहा। ड्राइवर रतनजोत ने बताया कि हमें कमाई का 100% हिस्सा मिलने लगेगा।
- **मालिकाना हक :** प्राइवेट कंपनियां ड्राइवरों को लाभ में भागीदार नहीं बनातीं। भारत टैक्सी में ड्राइवर कंपनी में शेयर होल्डर रहेंगे। हर ड्राइवर को एक शेयर लेना ही है। अधिकतम 5 शेयर ले सकते हैं।

## हेलमेट पर फिलिस्तीनी झंडा लगाकर खेलता दिखा खिलाड़ी

जम्मू-कश्मीर में एक घरेलू लीग मैच के दौरान एक खिलाड़ी द्वारा हेलमेट पर फिलिस्तीनी झंडे को लगाने से विवाद खड़ा हो गया है। मामले के सामने आते ही स्थानीय पुलिस ने फुरकान भट नामक इस खिलाड़ी को पूछताछ के लिए बुलाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना जम्मू-कश्मीर चैंपियंस लीग के एक मैच के दौरान हुई, जब जेके 11 टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए फुरकान ने हेलमेट पर फिलिस्तीनी झंडे का प्रयोग किया।

सोशल मीडिया पर इस मैच की फुटेज और वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया।

# उड़ान से पहले कनाडा में पकड़ा गया एयर इंडिया का पायलट

- मुंह से आ रही थी शराब की बू

**वैंकूवर.** कनाडा के वैंकूवर एयरपोर्ट पर क्रिसमस के फेस्टिव सीजन का माहौल एक एयर इंडिया पायलट के लिए महंगा साबित हो गया। पायलट को शराब की तेज बू आने के कारण दिल्ली के लिए उड़ान भरने से पहले हिरासत में ले लिया गया। यह फ्लाइट AI 186 वैंकूवर से दिल्ली के लिए थी, जो वियना के रास्ते जाने वाली थी। यह अल्ट्रा लॉन्ग हॉल फ्लाइट चार पायलटों की टीम द्वारा संचालित की जानी थी। मामला 23 दिसंबर 2025 का है। हालांकि बोइंग 777 विमान के इस पायलट को उड़ान से ठीक पहले ड्यूटी से हटा दिया गया क्योंकि कनाडाई अधिकारियों ने उन्हें ब्रेथ एनालाइजर (BA) टेस्ट में फेल पाया। जानकारी के अनुसार, वैंकूवर एयरपोर्ट के ड्यूटी-फ्री स्टोर पर एक स्टाफ सदस्य ने या तो पायलट को गलती से वाइन की चुस्की लेते हुए देख लिया- जो फेस्टिव सीजन में चखने के लिए ऑफर की जा रही थी या फिर शराब खरीदते वक्त उनके मुंह से शराब की गंध महसूस की। इसी आधार पर मामले की सूचना कनाडाई अधिकारियों को दी गई।

#### CCTV से पहचान

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायत मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने CCTV फुटेज खंगाली और यह पुष्टि की कि संबंधित व्यक्ति उसी फ्लाइट के कॉकपिट क्रू का हिस्सा था। इसके बाद उन्हें एयर इंडिया के विमान तक ट्रेस किया गया। मौके पर किए गए ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में पायलट फेल हो गया, जिसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए हिरासत में ले लिया गया।

# खाटूश्यामजी में 27 किमी पैदल चलना पड़ रहा

- भीड़ के चलते श्रीनाथजी में नहीं सजाई झांकी
- मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सुबह 4 बजे से लगी कतारें



नए साल पहले दिन राजस्थान के मंदिरों में भारी भीड़ है। जयपुर के गोविंददेवजी, मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर के बाहर सुबह 4 बजे से ही लंबी लाइनें लगी।

दौसा के मेहंदीपुर बालाजी और सीताराम मंदिर में सजावट की गई। महंत नरेशपुरी महाराज ने महाआरती कर 551 किलो चूरमा और 551 किलो छप्पन भोग समेत 1102 किलो प्रसादी का भोग लगाया।

परकोटे (जयपुर) की बड़ी चौपड़, चांदी की टकसाल रोड पर सुबह 4 बजे जाम लग गया था। इसमें अधिकतर श्रद्धालु गोविंददेवजी के दर्शन करने आए थे।

सीकर के खाटूश्यामजी में भी तीन दिन से भगवान के पट खुले हुए हैं। बुधवार सुबह 10 बजे से 2 जनवरी सुबह 10 बजे तक रींगस से खाटू तक का 17 किलोमीटर लंबा पैदल मार्ग पूरी तरह नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है।

ऐसे में रींगस से खाटू बाबा के आने वाले भक्तों को 27 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। इसमें 17 किमी का रास्ता और तोरण द्वार के पास से करीब 10 किलोमीटर का पैदल रूट। मंदिर में 14 लाइनें फुल है और पैर रखने की भी जगह नहीं है।

ऐसे ही चित्तौड़गढ़ जिले में श्री सांवलिया जी में 2 जनवरी तक दर्शन के लिए भक्तों को एंट्री मीरा-सर्किल स्थित गेट से ही होगी।

## अब इस मुस्लिम देश में होगा तख्तापलट?

मध्य-पूर्व के देश ईरान में दिन-ब दिन हालात बिगड़ते जा रहे हैं। वहां के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के खिलाफ लोगों के विरोध-प्रदर्शन का दायरा अब बढ़ता जा रहा है। देश के 31 में से 21 प्रांतों में खामेनेई के खिलाफ बगावत के चिंगारी भड़क उठी है। गुरुवार (1 जनवरी) को ईरान के पश्चिमी प्रांत में खराब अर्थव्यवस्था के खिलाफ भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के एक स्वयंसेवक सदस्य की मौत हो गई। हालिया विरोध-प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों में यह पहली मौत बताई जा रही है। बुधवार रात 'बासिज फोर्स' के 21 वर्षीय स्वयंसेवक की मौत को लेकर आशंका जताई जा रही है कि इससे प्रदर्शनों के खिलाफ ईरान की सरकार की कार्रवाई हो सकती है।

## संक्षेप...

### मतदान करने के लिए किया जागरूक

**ठाणे.** मतदान से लोकशाही मज़बूत होती है, इसलिए सभी को अपने लोकशाही अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए और 15 जनवरी 2026 को होने वाले ठाणे मनपा के चुनाव में मतदान देना चाहिए, यह मैसेज आयटीआय सर्कल में हुए मतदान अभियान के ज़रिए दिया गया।आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव के निर्देश पर स्वीप इनिशिएटिव के तहत ठाणे मनपा के अलग-अलग प्रभाग समिति में मतदान अभियान का काम किया जा रहा है। ये एक्टिविटी स्वीप नोडल अधिकारी मिताली संचेती की मार्गदर्शन में की जा रही हैं।ठाणे मनपा के स्कूल नंबर 23, 102, 126 और स्कूल नंबर 32 के विद्यार्थियों ने आयटीआय सर्कल में मतदान के बारे में अभियान चलाया। इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटक पेश करके मतदान की अहमियत, लोकशाही में हिस्सेदारी और बिना डरे मतदान के बारे में गाइड किया गया।

# BMC चुनाव से पहले उबाठा को बड़ा झटका

## आदित्य ठाकरे की करीबी शीतल शेठ ने छोड़ी पार्टी

**मुंबई.** बृहनमुंबई महानगरपालिका (BMC) चुनावों से ठीक पहले उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) यानी शिवसेना (UBT) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की उपनेत्री और आदित्य ठाकरे की करीबी सहयोगी शीतल देवरुखकर-शेठ ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के अनुसार, वे जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकती हैं।

शीतल देवरुखकर-शेठ पार्टी की विभिन्न पहलों में आदित्य ठाकरे के साथ मिलकर काम करती रही हैं। वे युवा सेना की सक्रिय सदस्य भी रही हैं और मुंबई विश्वविद्यालय के सीनेट चुनावों में



भी जीत हासिल की थी। उनका इस्तीफा BMC चुनावों से ऐन पहले आया है, जो पार्टी के लिए गंभीर झटका माना जा रहा है। BMC चुनाव जनवरी 2026 में होने वाले हैं, और इस चुनाव में शिवसेना (UBT) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) का गठबंधन महायुति (भाजपा-शिंदे सेना-अजित पवार एनसीपी) को कड़ी टक्कर देने की तैयारी कर रहा है।

इस इस्तीफे से शिवसेना (UBT) में आंतरिक असंतोष की खबरें फिर से सामने आ रही हैं। हाल के दिनों में पार्टी के कई नेता और पदाधिकारी टिकट वितरण को लेकर नाराजगी जता चुके हैं, खासकर वर्ली क्षेत्र में, जो आदित्य ठाकरे का विधानसभा क्षेत्र है। कुछ पदाधिकारियों ने इस्तीफे की धमकी भी दी थी।

BMC चुनाव मुंबई की सियासत में बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं, क्योंकि यहां पिछले 25 साल से शिवसेना का दबदबा रहा है। हालांकि, 2022 में पार्टी के विभाजन के बाद शिंदे गुट और भाजपा की जोड़ी मजबूत हुई है। इस इस्तीफे से शिवसेना (UBT) की चुनौतियां और बढ़ गई हैं।

# शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडिडेट का फॉर्म निगला

- केस दर्ज
- आरोपी बोला- मैं आधिकारिक उम्मीदवार

**पुणे.** महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट का A-B फॉर्म फाड़कर निगल लिया।

घटना बुधवार को धनकवड़ी




सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को A-B फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का A-B फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म A और B जरूरी दस्तावेज हैं जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है।

BMC समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी। नॉमिनेशन प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी, जो 30 दिसंबर को खत्म हुई।

2 जनवरी नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 3 जनवरी को जारी की जाएगी।

## 638 किलो गांजे के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**ठाणे.** शहर पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गाजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ओडिशा और आंध्र प्रदेश से महाराष्ट्र में गांजा तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गैंग को बड़ा झटका दिया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने 638 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ 4 लाख 16 हजार रुपये है। साथ ही तस्करी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली करीब 10 लाख रुपये की एक इनोवा कार भी जब्त की गई है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत 2 करोड़ 14 लाख 16 हजार रुपये है।

क्राइम ब्रांच की एसेट सेल और क्राइम ब्रांच यूनिट को मिली गोपनीय जानकारी के मुताबिक, 30 दिसंबर, 2025 को शाम 6.15 बजे खारेगांव टोल प्लाजा के पास जाल बिछाया गया था। उस समय, जब AP-09-BF-9382 नंबर वाली इनोवा कार की जांच की गई, तो उसमें ओडिशा और तेलंगाना (आंध्र प्रदेश) राज्यों से लाया गया बड़ी मात्रा में गांजा मिला।

# सदानंद दाते महाराष्ट्र पुलिस के DGP नियुक्त

- बतौर NIA डीजी कर चुके हैं काम

**मुंबई.** 26/11 के हीरो अब महाराष्ट्र पुलिस की कमान संभालेंगे। भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सदानंद दाते को महाराष्ट्र सरकार ने राज्य का नया पुलिस महानिदेशक बनाया है। वह मौजूदा डीजीपी रश्मि शुक्ला का स्थान लेंगे। वह अगले साल तीन जनवरी को सेवानिवृत्त होंगी। शुक्ला के बाद दाते राज्य के सबसे वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी हैं।

1990 बैच के आइपीएस अधिकारी दाते पूर्व में एनआइए के महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। हाल ही में उन्हें महाराष्ट्र कैडर में पुनः नियुक्त किया गया था। महाराष्ट्र सरकार के गृह विभाग ने बुधवार को एक आदेश जारी कर दाते को राज्य पुलिस बल का नया प्रमुख नियुक्त किया।

दाते मुंबई हमले के दौरान नायक के रूप में उभरे थे। वरिष्ठ



पुलिस अधिकारी को 26-11 मुंबई आतंकी हमलों में अपनी भूमिका के लिए राष्ट्रपति के पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। नए पद पर उनका कार्यकाल दो साल का होगा।

दाते महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख रह चुके हैं। वह डीआइजी, सीआरपीएफ में महानिरीक्षक (आपरेशन) और मुंबई के पास मीरा-भयंदर और वसई-विरार शहरों में पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय से आर्थिक अपराधों में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।

# चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों के लिए पोस्टल मतदान की सुविधा

**ठाणे.** सभी मनपाओं के चुनाव एक ही दिन हो रहे हैं, इसलिए चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए खास पोस्टल मतदान की सुविधा दी गई है।मुंबई समेत ठाणे मनपा की सीमा में काम करने वाले कई कर्मचारियों के नाम मुंबई, डोंबिवली, कल्याण, बदलापुर, नेरुल, पनवेल जैसी अलग-अलग जगहों की वोटर लिस्ट में रजिस्टर्ड हैं।यह सभी कर्मचारी मतदाता हैं और आम मनपा चुनावों के लिए चुनाव कर्मचारी के तौर पर नियुक्त किए गए हैं। ठाणे मनपा ने पोस्टल वोटिंग की व्यवस्था की है ताकि वे चुनाव ड्यूटी के कारण मतदान से वंचित न रहें। राज्य में अलग-अलग मनपाओं के चुनाव एक ही समय पर घोषित किए गए हैं, इसलिए कई कर्मचारी दूसरे मनपा इलाकों में मतदान कर रहे हैं। इस संदर्भ में संबंधित कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाने तथा वास्तव में उनके लिए मतदान करना आसान बनाने के लिए डाक मतदान के लिए विशेष व्यवस्था की गई है तथा इस उद्देश्य के लिए उपायुक्त दिनेश तायड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# मुख्य चुनाव निरीक्षक भिवंडी पहुंचे

**भिवंडी.** महानगर पालिका के आम चुनाव फेयर और बिना भेदभाव के हों, इसके लिए राज्य चुनाव आयोग खास सावधानी बरत रहा है। स्टेट इलेक्शन कमीशन ने भिवंडी महानगर पालिका के आम चुनाव के लिए आदिवासी विकास महामंडल के अप्पर आयुक्त गोपीचंद कदम को मुख्य चुनाव निरीक्षक नियुक्त किया है। वहीं, वित्त व विकास महामंडळ. व्यवस्थापकीय संचालक प्रकाश थवील को इलेक्शन इंस्पेक्टर अपॉइंट किया गया है।

गोपीचंद कदम और प्रकाश थविल दोनों बुधवार (31 दिसंबर) को भिवंडी शहर पहुंचे हैं। चीफ इलेक्शन ऑफिसर और कमिश्नर अनमोल सागर ने इन इंस्पेक्टरों का स्वागत किया। उसके बाद, इन दोनों इंस्पेक्टरों ने शहर के संपदा नाइक हॉल, भादवड इलेक्शन ऑफिस, वरालदेवी मंगल भवन इलेक्शन ऑफिस, अल शाह मोहम्मद मल्टीपर्पस हॉल (खुदाबक्स हॉल) इलेक्शन ऑफिस, स्व. राजय्या गाजेंगी कल्चरल हॉल इलेक्शन ऑफिस का दौरा किया और इलेक्शन के काम का रिव्यू किया।

साथ ही, अल शाह मोहम्मद मल्टीपर्पस हॉल इलेक्शन ऑफिस में चल रहे इलेक्शन मशीन के इंस्पेक्शन के काम का भी निरीक्षण किया। मनपा मुख्यालय के दूसरे फ्लोर पर कमरा नंबर 214 में चीफ इलेक्शन इंस्पेक्टर और इलेक्शन इंस्पेक्टर का ऑफिस बनाया गया है और अगर लोग कोई शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं, तो ऑफिस में उनकी शिकायतें लेने के लिए एक कमरा बनाया गया है। चीफ इलेक्शन इंस्पेक्टर ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी चुनाव से जुड़ी शिकायतें यहीं दर्ज कराएं।

# BJP के सुमित पाटिल निर्विरोध चुने गए

- भिवंडी मनपा के इतिहास में पहली बार निर्विरोध चुनाव

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुमित पुरुषोत्तम पाटिल वार्ड नंबर 17 B से बिना विरोध पार्षद चुने गए हैं। भिवंडी मनपा के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई पार्षद निर्विरोध चुना गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नए चुने गए पार्षद सुमित पाटिल को फोन पर बधाई दी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल और MLA महेश चौगुले ने भी उन्हें बधाई दी।



सुमित पाटिल ने भिवंडी के पद्मानगर डिवीजन के वार्ड नंबर 17 B से भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर अपना नॉमिनेशन फाइल किया था। इस वार्ड में छह उम्मीदवारों ने अपने आवेदन फाइल किए थे। उनमें से दो को इनवैलिड घोषित कर दिया गया। जबकि बाकी तीन उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान से नाम वापस ले लिया। इसके बाद सुमित पाटिल का बिना विरोध चुनाव पक्का हो गया। सुमित पाटिल पहले दो बार स्वीकृत सदस्य और नगरसेवक चुने जा चुके हैं। उन्होंने इस चुनाव में हैट्रिक दर्ज की है।

सुमित पाटिल को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में BJP के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के मार्गदर्शन में नॉमिनेट किया गया था। कपिल पाटिल ने प्रतिक्रिया दी कि इस चुनाव में पद्मानगर के लोगों द्वारा दिखाए गए विश्वास और आशीर्वाद के कारण उन्हें बिना विरोध के चुना गया।

पिछले मनपा चुनावों में, BJP ने 20 सीटें और शिवसेना ने 11 सीटें जीती थीं। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने कहा कि पिछले आठ सालों में BJP की ताकत बढ़ी है और इस चुनाव में गठबंधन को और सीटें मिलेंगी।

## बेस्ट बस-ट्रक की टक्कर

**मुंबई.** 2026 के पहले दिन, गुरुवार सुबह मुंबई के आरे कॉलोनी रोड पर एक BEST बस और आरे यूनिट नंबर 16 (डिंडोशी) के पास एक ट्रक के टकराने के बाद ट्रैफिक थोड़ी देर के लिए रुक गया। यह घटना सुबह के समय हुई, जिससे इलाके में करीब एक घंटे तक ट्रैफिक धीरे-धीरे चलता रहा। किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। लोकल न्यूज़ पोर्टल, मुंबईटीवी ने सोशल मीडिया पर हादसे का वीडियो दिखाया, जिसमें बस और ट्रक सड़क के एक हिस्से को ब्लॉक कर रहे थे, जबकि यात्री जाम से निकल रहे थे। ट्रैफिक कर्मचारियों को ट्रैफिक को रेगुलेट करने और जल्द से जल्द नॉर्मल ट्रैफिक बहाल करने के लिए तैनात किया गया था।

# भाजपा के बाद अब शिवसेना ने भी खाता खोला

- 4 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित
- डोंबिवली शहर शाखा में शिवसैनिकों द्वारा जोरदार जश्न

**कल्याण.** कल्याण–डोंबिवली महानगरपालिका के आम चुनाव में भाजपा के बाद शिवसेना शिंदे गुट ने भी अपना खाता खोल लिया है। मतदान से पहले ही शिवसेना के चार प्रत्याशियों ने निर्विरोध चुनाव जीत लिया है। प्रभाग क्रमांक 24 से शिवसेना के रमेश म्हात्रे, विश्वनाथ राणे और वृषाली जोशी नगरसेवक पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वहीं प्रभाग क्रमांक 28 से शिवसेना के नगरसेवक पद के



उम्मीदवार और विधायक राजेश मोरे के पुत्र हर्षल मोरे भी निर्विरोध विजयी हुए हैं।

शिवसेना के चार उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि डोंबिवली स्थित शहर शाखा में विधायक राजेश मोरे और विजयी उम्मीदवारों ने मिलकर जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को पेढ़े खिलाकर खुशी जाहिर की।

बता दें कि निकाय चुनाव के लिए 15 जनवरी को मतदान होने है। इस बार के चुनाव में पक्ष और विपक्ष के बीच काफी घमासान देखने को मिलेगा ऐसी चर्चा राजनीतिक गलियारों में हो रही थी, लेकिन मतदान से पहले ही मिली जीत के कारण शिवसेना का आत्मविश्वास बढ़ गया है।

# 2026 में आलिया भट्ट का नया अंदाज

- 1 समय 1 फिल्म
- 'अल्फा' में पहला फुल एक्शन
- 'लव एंड वॉर' में रणबीर के साथ रोमांस!

नए साल की शुरुआत के साथ जहां पूरी दुनिया 2026 से नई उम्मीदें लगाए बैठी है, वहीं बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल आलिया भट्ट भी आने वाले साल को लेकर बेहद उत्साहित नजर आ रही हैं. फिलहाल आलिया के पास दो बड़ी और फिल्में हैं, जिनकी रिलीज 2026 में तय मानी जा रही है 'अल्फा' और 'लव एंड वॉर'. खास बात यह है कि दोनों ही फिल्में अलग-अलग जॉनर से भरपूर है.



निर्देशक शिव रवैल की फिल्म अल्फा यशराज फिल्म्स के चर्चित स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल-लीड फिल्म होगी. इसमें आलिया के साथ शरवरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. यह फिल्म आलिया के करियर में एक अहम मोड़ मानी जा रही है, क्योंकि वह इसे अपनी पहली 'एक्शन फिल्म मानती हैं.

आलिया ने कहा था कि हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन (2023) को वह एक्शन फिल्म नहीं मानतीं, क्योंकि उसमें उन्हें ज्यादा स्टंट करने का मौका नहीं मिला था. हालांकि, 2024 में 'जिगरा' में उन्होंने एक्शन रोल निभाया था, लेकिन अल्फा उनके लिए इस जॉनर में पहली 'असली' एंट्री है. उन्होंने कहा, 'मां बनने के बाद एक्शन सीन करना एक सीखने का अनुभव था, इससे मुझे अपने शरीर की क्षमता समझने में मदद मिली.'

# नव वर्ष पर शिवशांति प्रतिष्ठान द्वारा महास्वच्छता अभियान का आयोजन

**ठाणे.** नववर्ष के पावन अवसर पर शिवशांती प्रतिष्ठान द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी साल के प्रथम दिन महास्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान संस्था के संस्थापक एडवोकेट विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर ठाणे के रायलादेवी वागले स्टेट परिसर में व्यापक स्तर पर डीप क्लीनिंग की गई। अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर को स्वच्छ बनाना था, बल्कि नए वर्ष में नागरिकों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित करना भी था। इस दौरान संस्था के संस्थापक एडवोकेट सिंह ने समाज से स्वच्छता को अपनी




दैनिक आदत में शामिल करने का आवाहन किया।यह स्वच्छता अभियान ठाणे महानगरपालिका के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अभियान में शिव परिवार प्रमुख पंडित राम मिलन शुक्ला, संस्कार क्लासेस की संचालिका लक्ष्मी मौर्य, एडवोकेट शिक्षा संस्कार, शिव परिवार रिक्शा टैक्सी चालक कल्याण समिति के सदस्य सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

शिवशांती प्रतिष्ठान द्वारा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य निरंतर किए जाते रहे हैं। संस्था भविष्य में भी वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं समाजहित से जुड़े अन्य कार्यों के माध्यम से सामाजिक उत्थान के लिए सतत प्रयास करती रहेगी।

## संजय राउत के घर के बाहर धमकी भरा संदेश

**मुंबई.** एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार दोपहर मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के घर के बाहर एक कार खड़ी मिली, जिसकी खिड़की पर बम धमाके की धमकी वाला मैसेज लिखा था। इसके बाद बम डिटेक्शन टीम ने उनके घर की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि भांडुप इलाके में राउत के घर की तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारी के मुताबिक, वैगनआर कार की खिड़की पर धूल पर एक नोट लिखा मिला, जिसमें लिखा था, ₹आज होगा हंगामा 12 बजे बम ब्लास्ट₹। राज्यसभा सांसद के समर्थकों ने तुरंत पुलिस को बम धमाके की धमकी वाले मैसेज के बारे में बताया। अधिकारी के अनुसार, बाद में बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची.




# फर्जी कंपनियां बनाकर 43 करोड़ की ठगी

- GST अधिकारियों ने ठगी के तरीके का किया खुलासा

**अंबरनाथ.** दो बदमाशों ने अंबरनाथ इलाके के पांच बेरोजगार युवाओं को नौकरी का लालच देकर फंसाया। उनसे आधार कार्ड और बैंक ट्रांजेक्शन के सभी डॉक्यूमेंट लेने के बाद दोनों ठगों ने युवाओं को अंधेरे में रखा और युवाओं के नाम पर फर्जी कंपनियां बना लीं। इन फर्जी कंपनियों के जरिए ठगों ने कुल 42 करोड़ 99 लाख 31 हजार रुपये का टर्नओवर किया। जब गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स की जानकारी लेकर एक युवक के घर पहुंचे, तो इस स्कैम और युवाओं के साथ की गई ठगी का पता चला।

नौकरी का लालच दिखाकर ठगी के इस मामले में आदिल सैय्यद, विशाल जैसवार, रजनीश गौतम, दीपक करोतिया, रितेश यादव शामिल हैं। अमर जैसवार ने इस बारे में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा है कि मैं अपने परिवार के साथ महात्मा फुले नगर इलाके में रहता हूं। पिता कारपेंटर हैं। एक भाई कॉल सेंटर में काम करता है। पिछले साल जुलाई में उसे काम की ज़रूरत थी। उसने अपने स्कूल के दोस्त विशाल यादव से पूछा कि उसे कहाँ नौकरी मिल सकती है। विशाल ने कुछ दिनों बाद उसे नाना पाटिल प्राइवेट कोहोज गाँव खुंटवली में बुलाया। वहाँ उसने खुद को सलमा सैयद से मिलवाया। उसने उसे नौकरी का लालच दिया। और नौकरी के लिए ज़रूरी आधार कार्ड, पैन कार्ड और दूसरे ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स, बैंक ट्रांज़ैक्शन के डॉक्यूमेंट्स माँगे। उसने नौकरी के लिए दबाव डाला। उसे उनकी तरफ़ से कोई जवाब नहीं मिला। विशाल ने एक दिन उससे कॉन्टैक्ट किया और कहा कि उसकी नौकरी लग गई है। अब तुम्हें बैंक में सैलरी अकाउंट खोलने के लिए OTP मिलेगा। मुझे भेज दो। जैसे ही OTP आया, उसने OTP विशाल को भेज दिया। उसने सलमा सैयद को भेज दिया। अमर इस उलझन में था कि उसे नौकरी कब मिलेगी।

### दरवाज़े पर GST ऑफ़िसर

नवंबर 2025 में, अचानक बांद्रा से गुड्स एंड सर्विसेज़ टैक्स डिपार्टमेंट का एक ऑफ़िसर हमारे घर आया। उसने कहा कि उसने कंपनियाँ बनाई हैं और कुछ संदिग्ध ट्रांज़ैक्शन किए हैं। उसने उनसे कहा कि उसने ऐसा कुछ नहीं किया है। उस समय, अधिकारी कन्फ्यूज़ हो गए। फिर विशाल ने उन्हें बताया कि वह सलमा सैय्यद के नाम पर कुछ बैंक ट्रांज़ैक्शन कर रहा था, उसे नौकरी का लालच देकर और युवाओं से ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स लेकर।

अमर को पता चला कि सलमा सैय्यद ने उसके नाम पर जलज्योति एंटरप्राइजेज, कोहोज खुंटावली और चार अन्य लोगों के नाम पर ऐसी ही नकली कंपनियाँ बनाई थीं और उनके ज़रिए ट्रांज़ैक्शन किए थे। अमर जैसवार ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि सलमा सैय्यद ने उसे नौकरी का लालच देकर और सरकार के साथ धोखा किया है। असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर जाधव जांच कर रहे हैं।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099